महत्वपूर्ण एवं खास

ट्रेलर-कार और बाइक में हुई भिड़ंत,दो की मौत, एक घायल

कांकेर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के कांकेर जिले में एनएच-30 में भिषण सड़क हादसे की खबर आ रही है। इस हादसे में दो बाईक सवार युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी है। हादसा तीन वाहनों के बीच हुआ है। बताया जा रहा हैं कि एनएच-30 में मवेशी रोड क्रास कर रहे थे तभी उस दौरान ट्रेलर, कार और बाईक आपस में जा भिड़ी। हादसा इतना भयानक था कि मौके पर ही बाईक सावार दो युवकों की मौत हो गयी।

मतगणना तिथि को शुष्क दिवस घोषित

धमतरी (आरएनएस)। विधानसभा निर्वाचन-2018 के अंतर्गत जिले के सिहावा, कुरूद और धमतरी विधानसभा क्षेत्रों के लिए 20 नवम्बर को हुए मतदान के उपरांत मतगणना 11 दिसम्बर को की जाएगी। मतगणना को दृष्टिगत करते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने उक्त तिथि को शुष्क दिवस घोषित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरपालिक निगम धमतरी क्षेत्रांतर्गत देशी मदिरा दुकान सुंदरगंज वार्ड, बठेना वार्ड, नवागांव वार्ड, दानीटोला वार्ड, नहरनाका वार्ड, धमतरी मेन, गोकुलपुर वार्ड तथा हटकेशर वार्ड और मद्य भाण्डागार में मदिरा की बिक्री पर रोक लगाई गई है। इसी प्रकार विदेशी मदिरा दुकानों में सुंदरगंज वार्ड, दानीटोला वार्ड और धमतरी मेन में भी मदिरा का विक्रय प्रतिवेदित तिथि को प्रतिबंधित किया गया है। साथ ही रूद्री रोड स्थित हरियाली रेस्टोरेंट एवं बार को भी बंद रखने के आदेश जिला दण्डाधिकारी ने दिए हैं।

मालगाड़ी की चपेट में आने से युवती की मौत

अंबिकापुर (आरएनएस)। अनूपपुर रेलवे ट्रैक पर बुधवार की सुबह मालगाड़ी से अज्ञात युवती का एक पैर कट गया उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई..रेलवे ट्रैक पर सुबह करीब 9:00 से 10:00 के बीच की घटना बताई जा रही है करीब आधे घंटे तक एक अज्ञात युवती जख्मी हालत में पड़ी थीज्युवती का एक पैर कट कर पटरी के बाहर पड़ा थाज वह दर्द से कराह रही थीज्ग्रामीणों की नजर पड़ने पर तत्काल पटना पुलिस को सूचना दी गई जिस पर आनन-फानन में पुलिस पहुंची और ग्रामीणों की मदद से जिला अस्पताल भर्ती कराया गया अस्पताल में इलाज के दौरान युवती ने दम तोड़ दिया, युवती की उम्र करीब 28 साल बताई गई अब पुलिस ने युवती के परिजनों की तलाश शुरू कर दी है ग्रामीणों का कहना है कि अज्ञात युवती करीब आधे घंटे तक पटरी पर पड़ी थी।

फैक्ट्री मालिक व परिवार की हत्या की योजना बनाते हुई मोबाइल पर रिकार्डिंग

रायपुर (आरएनएस)। ईट फैक्ट्री में कार्यरत आरोपियों ने फैक्ट्री मालिक के परिवार की हत्या करने की योजना बनाने व उकसाने की रिपोर्ट आमानाका थाने में दर्ज कराया गया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 115,116 के तहत मामला दर्ज किया है।

पति की प्रताड़ना से तंग आकर पत्नी ने लगाई फांसी

रायपुर (आरएनएस)। पति द्वारा प्रताड़ना व मारपीट से तंग आकर पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने की मामले में पति के खिलाफ धारा 306,494,34 के तहत मामला दर्ज कर मर्ग कायम किया गया है।

दो दर्जन वाहनों से साइलेंसर निकलवाया पुलिस ने

जगदलपुर (आरएनएस)। रेसर बाइक पर तेज आवाज वाले साइलेंसर का इस्तेमाल करने वाले बाइकर्स पर सख्ती बरतते हुए यातायात पुलिस ने दो दर्जन वाहनों को जब्त कर साइलेंस निकालने की कार्रवाई की। प्रभारी शिवशंकर गेंदले ने बताया कि बुलेट, पल्सर आदि बाइक में तेज आवाज वाले साइलेंसर लगाकर युवकों द्वारा शहर में विचरण करने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। पुलिस ने अभियान चलाते हुए शहर के धरमपुरा, चांदनी चौक, गीदम रोड, एनएमडीसी चौक, डीएम चौक व अन्य स्थानों पर बाइक सवारों की जांच की। इस दौरान दो दर्जन से अधिक युवकों को बेसुरी आवाज वाली साइलेंस का इस्तेमाल करते पाया गया। इनसे वाहन जब्त कर थाने ले जाए गए और साइलेंसर निकालने की कार्रवाई की गई। सभी के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। ज्ञात हो कि शहर में काफी दिन से बुलेट के साइलेंसर में छेड़खानी कर गोली निकलने जैसी आवाज वाले कर्कश साइलेंसर का प्रयोग युवा कर रहे हैं।

ऑपरेशन प्रहार-4 मारे गए 9 नक्सलियों में से 8 शवों की हुई पहचान, पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना ने की पुष्टि

सुकमा। ऑपरेशन प्रहार-4 में मारे गए 9 नक्सलियों में से 8 की शिनाख्त हो चुकी है। दो डीवीसी सदस्य ताती भीमा और पोडियम राजे के अलावा पुलिस ने 6 अन्य की भी पहचान कर ली है। इसकी पुष्टि पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना ने की है। एक महिला नक्सली के शव की अब तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। मड़कामी सोमडी(एसीएम), माड़वी सोमडी (प्लाटून नंबर 8 का सदस्य), मड़कम गंगा (कोंटा एलजीएस), सोढ़ी हिड़मे (जगरगुंडा एलजीएस) और मड़कम पोदिया (एलमागुंडा एलओएस) और मड़कम जोगा के रूप में इन 8 नक्सलियों के शवों की पहचान हुई है। सभी शवों को इनके परिजनों को सौंप दिया गया है।

पुलिस से मुठभेड़ में गिरफ्तार बदमाश अस्पताल से फरार, दारोगा और दो सिपाही निलंबित

तीनों पुलिस कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कानपुर (आरएनएस)। पुलिस से मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से घायल शातिर बदमाश को मंगलवार की रात कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया जहां से वह बाथरूम की खिड़की तोड़कर फरार हो गया। एसएसपी ने अस्पताल में अभिरक्षा में लापरवाही पर दोषी दारोगा और दो सिपाहियों को निलंबित कर दिया है, साथ ही तीनों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया गया है।

बाबूपुरवा थाना प्रभारी अजय नारायण सिंह के मुताबिक रविवार को महिला से पर्स लूट के मामले की छानबीन में

शातिर बदमाश रेलबाजार निवासी मोहम्मद आरिफ उर्फ मंटू का नाम सामने आया था। मंगलवार देर रात एच ब्लॉक किदवई नगर के पास आरिफ की मौजूदगी की जानकारी मिली थी। फोर्स लेकर घेराबंदी करके पकडने् का प्रयास किया गया तो आरिफ और उसके साथी बाघपुर शिवली कानपुर देहात निवासी राहुल ने फायरिंग कर भागने का प्रयास किया। पुलिस की ओर से जवाबी फायरिग में दाहिने पैर पर गोली लगने से आरिफ घायल होकर गिर पड़ा, जबकि उसका साथी बाइक लेकर भाग गया। घायल आरिफ को दरोगा धीरेंद्र तथा सिपाही सुधांशु व ऋषभ की अभिरक्षा में उपचार के लिए चकेरी के कांशीराम अस्पताल भेजा गया था। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद लघुशंका के बहाने बाथरूम में गया शातिर आरिफ टूटी खिड़की से निकलकर भाग गया।

बिजली लाइन पर काम कर रहा था मजदूर, तभी शुरू हो गई सप्लाई, गिरने से मौत

मथुरा (आरएनएस)। महावन के गांव नूरपुर में बिजली लाइन पर काम कर रहे मजूदर की मौत हो गई। मौत की खबर पर

परिजन और ग्रामीणों ने गौड़ीय मठ मंदिर के पास शव रखकर जाम लगाने की कोशिश की, पर पुलिस ने समझाकर जाम नहीं लगने दिया। परिजनों का आरोप है कि विद्युत निगम के कर्मचारी के लाइन चालू करने से मजदूर की मौत हुई, जबकि अफसर पोल से गिरकर मजदूर की मौत होना बता रहे हैं।

सादाबाद के रहीसपुर निवासी राम सिंह (28) पुत्र भूप सिंह एनसीसी कंपनी के ठेकेदार के अंडर में कार्य कर रहा था। थाना महावन के गांव नूरपुर में विद्युत लाइन डाली जा रही है। मंगलवार की दोपहर राम सिंह पोल पर चढ़कर लाइन पर काम कर रहा था। अचानक पोल से गिरकर मजदूर की मौत हो गई। इसी बीच ठेकेदार भाग खड़ा हुआ। मजदूर की मौत की खबर पर परिजन और ग्रामीण आ धमके। परिजन शव को लेकर गौड़ीय मठ मंदिर के पास पहुंचे।

अगहन माह के पहले गुरूवार को महालक्ष्मी की विशेष पूजा-अर्चना की गई

रायपुर (आरएनएस)। अगहन माह के पहले गुरूवार को घर-घर में महालक्ष्मी जी की विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है।

सालभर घर में मां लक्ष्मी जी की कृपा और घर में सुख, शांति एवं समृद्धि बने रहे यह कामना करते हुए घर की महिलाएं उपवास रखकर आज सुबह महालक्ष्मी जी की विशेष पूजा-अर्चना की गई। देर शाम में भी दिया बाती के साथ लक्ष्मी जी की पूजा-अर्चना की जाएगी।

कोच में चढ़ने नहीं करनी पड़ेगी मशक्कत, बढ़ेगी प्लेटफार्म की लंबाई

बिलासपुर (आरएनएस)। पेंड्रारोड रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म दो-तीन से ट्रेन में चढ़ने के लिए यात्रियों को मशक्कत नहीं करनी पड़ेगी। बहुत जल्द उन्हें इस समस्या से निजात मिलने वाली है। रेलवे इस प्लेटफार्म की लंबाई बढ़ाने का निर्णय लिया है। 30 नवंबर से आगामी 40 दिनों तक काम चलेगा। इसके बाद अनूपपुर-कटनी की ओर जाने वाली सभी ट्रेनों का ठहराव नवनिर्मित रेल लेबल प्लेटफ

र्म चार में दिया जाएगा।

नईदुनिया अभियान के तहत इस स्टेशन की कमियों को उजागर की गई थी। इनमें कम लंबाई की प्लेटफार्म बड़ी समस्या थी। इसकी लंबाई बढ़ाने के लिए रेलवे में काम स्वीकृत है। लेकिन लेटलतीफी की वजह से यात्रियों की परेशानी समाप्त नहीं हो रही है। अब जाकर रेलवे ने इसकी लंबाई बढ़ाने का निर्णय लिया है। बिलासपुर के बाद कटनी रेल खंड में यह दूसरा प्रमुख स्टेशन है। यहां पैसेंजर, लोकल व एक्सप्रेस को मिलाकर दो दर्जन के लगभग ट्रेनें ठहरती हैं। ट्रेनों की इस संख्या की वजह से 24 घंटे यात्रियों की भीड़ रहती है। लेकिन सुविधाओं की कमी के कारण यात्रियों को परेशानी होती थी। सबसे ज्यादा दिक्कत प्लेटफार्म दो- तीन में होती थी। इसकी लंबाई इंजन को मिलाकर 20 कोच की है। जबकि यहां रुकने वाली ज्यादातर एक्सप्रेस ट्रेनें 22 से 24 कोच की होती है। इसके कारण पीछे के तीन से चार कोच प्लेटफार्म पर नहीं आते थे। ऐसे में जिन यात्रियों को इस कोच में चढ़ना है, उन्हें जद्दोजहद करनी पड़ती है। निर्माण कार्य 40 दिन चलेगा।

बोलेरो की ठोकर से दो बाईक सवारों की दर्दनाक मौत

कांकेर (आरएनएस)। गोविंदपुर के पास नेशनल हाइवे-30 पर शिफ्टर, बोलेरो और बाइक की भिड़ंत में में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में वन विभाग के रेंजर और उनका चालक घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया है. पुलिस सूत्रों के मुताबिक कांकेर की ओर से शिफ्टर और बाइक माकड़ी की ओर जा रही थी और दूसरी ओर से बोलेरो आ रही थी, तभी शिफ्टर के सामने अचानक एक मवेशी आ गया, जिसे बचाने के लिए शिफ्टर चालक ने गाड़ी विपरीत दिशा में मोड़ दी, उसी दौरान शिफ्टर से बोलेरो और बाइक की भिड़ंत हो गई। शिफ्टर को ओवरटेक करने का प्रयास कर रहे बाइक सवार उसकी चपेट में आ गए और दोनों की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई वहीं।

सिर्फ एक एसएमएस हैक कर सकता है आपका स्मार्टफोन, जानिए कैसे बचें ?

अगर आप एक एंड्रॉइड फोन यूजर हैं तो आपके लिए यह खबर काम की है। क्योंकि एंड्रॉइड डिवाइस को हैक करना हैकर्स के लिए बायें हाथ का खेल है। आपको बता दें कि आपका एंड्रॉइड फोन को केवल एक एसएमएस ओपन करने से भी हैक किया जा सकता है। अब आपके मन में यह सवाल जरूर चल रहा होगा कि आखिर एसएमएस के द्वारा फोन कैसे हैक किया जा सकता है और इससे बचा कैसे जा सकता ह। चलिए जानते हैं कि अपने एंड्रॉइड डिवाइस को हैक होने से बचाने के लिए आपको क्या सावधानी बरतनी चाहिए। साइबर सिक्योरिटी रिसर्चर्स की मानें तो इस्तेमाल किए जाने वाले 95 फीसद से ज्यादा एंड्रॉइड डिवाइस को मात्र एक एसएमएस के



जरिए हैक किया जा सकता है, लेकिन आपको ज्यादा घबराने की जरूरत नहीं है अगर आप एंड्रॉइड का लेटेस्ट वर्जन इस्तेमाल कर रहे हैं। एंड्रॉइड 2.2 से लेकर 5.1 ऑपरेटिंग सिस्टम का इस्तेमाल करने वाले यूजर्स को इस समस्या का सामना करना पड़ सकता है। वहीं, एंड्रॉइड 5.1 लॉलीपॉप से ऊपर के ऑपरेटिंग सिस्टम वाले डिवाइस का इस्तेमाल करने वाले यूजर्स को हैक होने का खतरा कम रहता है। एंड्रॉइड 5.1 लॉलीपॉप के नीचे के वर्जन में एक खामी निकली है जिसका फायदा उठाकर फोन को हैक किया जा सकता है। सिर्फ मोबाइल डिवाइस ही नहीं, इन ऑपरेटिंग सिस्टम पर काम करने वाले टैबलैट्स एवं अन्य डिवाइस भी आसानी से हैक किए जा सकते हैं। एंड्रॉइड 5.1 ऑपरेटिंग सिस्टम से नीचे के डिवाइस में Stagefright नाम का सॉफ्टवेयर दिया जाता है जो कि मल्टीमीडिया फाइल्स को ओपन और प्ले करने के लिए दिया जाता है। इसी सॉफ्टवेयर के द्वारा आपके फोन में भेजे गए मल्टीमीडिया मैसेज यानी की एमएमएस को भी ओपन किया जाता है। अगर हैकर्स के पास गलती से आपका मोबाइल नंबर है तो वह आपको एमएमएस भेजकर आपका फोन हैक कर सकता है।

नवतनवा व हमसफर में करना है सफर तो अप्रैल से जाना होगा उसलापुर

बिलासपुर (आरएनएस)। दुर्ग - नवतनवा साप्ताहिक एक्सप्रेस व दुर्ग-निजामुद्दीन हमसफर एक्सप्रेस अप्रैल 2019 से बिलासपुर नहीं पहुंचेगी। इन ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को उसलापुर रेलवे स्टेशन जाना होगा।

रेलवे ने इन्हें दाधापारा से परिवर्तित करने की तारीख घोषित कर दी है। साथ ही ट्रेनों की समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है।

उसलापुर स्टेशन को एक नए सब स्टेशन के रूप में विकसित करने का कार्य प्रारंभ हो चुका है।

इस बदलाव के साथ यहां ट्रेनों की संख्या भी बढ़ाई जा रही है ताकि स्टेशन के कद के अनुरूप ट्रेनों की सुविधाएं मिल सके। पूर्व में चार ट्रेनें डायवर्ट हो चुकी हैं। इसके बाद तीन और के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। इनमें से दो ट्रेन 18205/18206 दुर्ग - नवतनवा साप्ताहिक एक्सप्रेस व 22867/22868 दुर्ग - निजामुद्दीन हमसफर द्वि - साप्ताहिक एक्सप्रेस को ही बिलासपुर के स्थान पर उसलापुर से चलाने की मंजूरी रेलवे बोर्ड ने दी।

संसार की बहुत सी बीमारियों की दवा है यह पौधा

आयुर्वेद में बहुत से पौधे है जिनका उपयोग हम नहीं जानते है तथा जिन पौधों का उपयोग हम जानते है वह पौधा बड़ी मुश्किल से हमे मिलता है लेकिन आज हम आपको एक ऐसे पौधे के बारे में बताने

जा रहे है जिनका इस्तेमाल से बहुत से बीमारी में लाभ पाया जा सकता है यह पौधा है भटकटैया यह पौधा प्रायः सभी जगह मिल जाता है चाहे सड़क किनारे हो या मैदान या फिर खेत में हर जगह यह पौधा मिल जाता है यह पौधा टेढ़ी-मेढ़ी शाखाओं के साथ कंटीला किस्म का होता है यह पौधा दाद खाज खुजली, अस्थमा सूखी खांसी, पथरी गर्भधारण की समस्या मस्तिष्क ट्यूमर,संक्रमण इत्यादि जैसी गंभीर समस्याओं को जड़ से दूर कर देता है। इसमें कई फायदे हैं इसका इस्तेमाल हमारे वैद और पूर्वजों की दवा के रूप में किया जाता था। इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं है साथ ही इस पौधे का सेवन ग्रामीण जगहों में सब्जी के रूप में भी किया जाता है इसका सब्जी भी बहुत गुणकारी होता है जो कब्ज से रहत दिलाता है इस तरह से यह पौधा हमारे शरीर के लिए बहुत ही गुणकारी होता है।

अपने जुनून की कहानियां सुनायेंगे शाहरुख और कंगना

बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान, अभिनेत्री कंगना रनौत और दक्षिण भारतीय अभिनेता विजय अपने जुनून की कहानियां लोगों को सुनाने जा रहे हैं। शाहरुख, कंगना रनौत और विजय 15 दिसंबर से छह शहरों में आयोजित की जाने वाली सिग्नेचर मास्टरक्लास में अपने जुनून की कहानी साझा करेंगे। शाहरूख लखनऊ में तो वहीं कंगना गुरुग्राम, कोलकाता, गुवाहाटी और पुणे में, इसी के साथ दक्षिण के सितारे विजय हैदराबाद में दर्शकों को अपनी कहानियां बताएंगे। फेमस वीजे और एक्टर साइरस साहूकार इन कार्यक्रमों की मेजबानी करेंगे।

शाहरुख खान ने कहा, मैं दिल्ली से मुंबई अभिनय के जुनून के साथ आया था। मैं नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के कैंपस में महान कलाकारों के बीच बड़ा हुआ हूं, जिन्होंने वास्तव में मुझे प्रेरित किया था। मैं सिगनेचर मास्टरक्लास प्लेटफॉर्म पर अपनी कहानी साझा करने को लेकर उत्साहित हूं। कंगना ने कहा, मुझे अच्छा लग रहा है कि मैं अपनी कहानी लोगों से साझा करूंगी।

सच हुआ सारा का सपना, कार्तिक आर्यन के साथ करेंगी रोमांस!

कुछ वक्त पहले करण जौहर के चेट शो कॉफी विद करण में सारा अली खान ने इच्छा जताई थी कि वह ऐक्टर कार्तिक आर्यन को डेट करना चाहती हैं। अब उनकी यह विश कब पूरी होगी यह तो पता नहीं, लेकिन कार्तिक आर्यन के साथ सारा को फिल्म ज़रूर मिलने वाली है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, सारा ने अपनी तीसरी फिल्म साइन कर ली है और इसमें उनके ऑपोज़िट कार्तिक आर्यन होंगे।

रिपोर्ट के अनुसार, सारा अली खान को इम्तियाज़ अली की अगली फिल्म के लिए अप्रोच किया गया है, जिसमें कार्तिक आर्यन लीड रोल में हैं। खबर है कि सारा ने यह फिल्म साइन कर ली है।

अगर ऐसा है तब तो यह बड़ी बात है क्योंकि सारा की डेब्यू फिल्म केदारनाथ अभी रिलीज़ भी नहीं हुई है और उससे पहले ही उन्होंने तीन फिल्में साइन कर ली हैं। जहां डेब्यू फिल्म में वह सुशांत सिंह राजपूत के ऑपोज़िट हैं, तो वहीं सिंबा में वह रणवीर सिंह के साथ नज़र आएंगी।

दीपवीर के रिसेप्शन में जाएंगी कटरीना कैफ

न्यूली वेड कपल दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह 2 दिसंबर को मुंबई में अपनी शादी की रिसेप्शन पार्टी आयोजित करने वाले हैं। इस ग्रैंड पार्टी के लिए बॉलिवुड के लगभग सभी सिलेब्स को इन्वाइट किया गया है। इसी बीच एक खबर जो बीटाउन में चर्चा का विषय बनी हुई थी वह यह थी कि क्या इस रिसेप्शन पार्टी में कटरीना कैफ तो इन्वाइट किया जाएगा? अगर आप भी उन लोगों में से हैं जिनके मन में यह सवाल आ रहा था, तो हम आपको बता दें कि दीपवीर की रिसेप्शन पार्टी में कटरीना कैफ को इन्वाइट किया गया है और कटरीना इस पार्टी में शिरकत भी करेंगी।

खबरों की मानें तो रणवीर सिंह ने कटरीना को रिसेप्शन में आने के लिए इन्वाइट किया है। बताया जा रहा है कि कटरीना इस पार्टी को लेकर काफी एक्साइटेड हैं और उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्म भारत के को-स्टार सलमान खान और डायरेक्टर अली अब्बास जफर से इस बारे में चर्चा भी की है।